उत्तर प्रदेश शासन
समाज कल्याण अनुभाग-3
संख्या146 /2025/2332/26-3-2025-1900964
लखनऊः दिनांकः12सितम्बर, 2025

शुद्धि-पत्र

निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या-2102/स0क0/विकास/एकीकृत/उन्नाव/2025-26 दिनांक 22.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-44/2025/591/26-3-2025-1900964 दिनांक 07.03.2025 में उल्लिखित जनपद - उन्नाव के विकास खण्ड- सफीपुर के ग्राम पंचायत-बभना (बम्हना) एवं विकास खण्ड - नवाबगंज की ग्राम पंचायत - रायपुरगढ़ी में इण्टर लाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य के स्थान पर सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अवगत कराना है कि निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या-3332/स0क0/विकास/एकीकृत/उन्नाव/2024-25 दिनांक 27.02.2025 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-44/2025/591/26-3-2025-1900964 दिनांक-07.03.2025 के माध्यम से अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद - उन्नाव के विकास खण्ड- सफीपुर के ग्राम पंचायत-बभना (बम्हना) एवं विकास खण्ड - नवाबगंज की ग्राम पंचायत - रायपुरगढ़ी में इण्टर लाकिंग एवं नाली निर्माण कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको को नामित करते हुए आगणित लागत की धनराशि रू0-100.00 लाख के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि रू0-100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है।

3- उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत शासनादेश के माध्यम से जनपद - उन्नाव के विकास खण्ड- सफीपुर के ग्राम पंचायत-बभना (बम्हना) एवं विकास खण्ड - नवाबगंज की ग्राम पंचायत - रायपुरगढ़ी में सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण का कार्य कराये जाने के स्थान पर त्रुटिवश इण्टर लाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य अंकित किया गया है।

4- अतः समाज कल्याण अनुभाग-3 के शासनादेश संख्या-44/2025/591/26-3-2025-1900964 दिनांक-07.03.2025 के माध्यम से अति पिछड़े अनुसूचित जाति समूह बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद - उन्नाव के विकास खण्ड- सफीपुर के ग्राम पंचायत-बभना (बम्हना) एवं विकास खण्ड - नवाबगंज की ग्राम पंचायत - रायपुरगढ़ी में इण्टर लाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दी गयी स्वीकृति के स्थान पर सी०सी० रोड एवं नाली निर्माण का कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

शासनादेश संख्या-44/2025/591/26-3-2025-1900964 दिनांक-07.03.2025 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए तथा अन्य शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

Digitally signed by
RAJANI KANT PANDEY
Date: 12-09-2025
15:01:30

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

पृ0 संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0लखनऊ।
2-महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज ।
3-महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज ।
4-निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- जिलाधिकारी, उन्नाव।
7-जिला समाज कल्याण अधिकारी, उन्नाव।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2 उ0प्र0 शासन।
9- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
10- प्रबंध निदेशक, यू0पी0सिडको, लखनऊ।
11-निदेशक एन0आई0सी0, लखनऊ।
12-गार्डफाइल

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।